# निजी कार्मिक को विद्युत पोल पर चढ़ाया, करंट लगने से मौत

## शटडाउन लिखित में लिये बिना निजी कार्मिक को विद्युत पोल पर चढ़ा दिया था



सायला के उम्मेदाबाद में डिस्कॉम कार्यालय के आगे मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने धरना दिया।

- **33 केवी लाईन पर कार्य करने के लिए एईएन एवं जेईएन की मौजूदगी में विद्युत पोल पर चढ़ा था**
- **मेघवाल समाज सहित ग्रामीणों ने उम्मेदाबाद डिस्कॉम कार्यालय पर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया**
- **परिवार को 18 लाख रुपये की सहायता राशि, एक सदस्य को संविदा पर नौकरी व जेईएन को निलंबित करने पर मामला शांत हुआ**

**सायला,** (निसं)। जालोर जिले में सायला के निकटवर्ती उम्मेदाबाद में सोमवार शाम को विद्युत विभाग की एफआरटी में कार्यरत निजी कार्मिक की विद्युत पोल पर कार्य करते समय करंट लगने से मौत हो गई। जिसके बाद मेघवाल समाज सहित ग्रामीणों ने उम्मेदाबाद डिस्कॉम कार्यालय के आगे विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर विरोध किया।

जानकारी के अनुसार निजी कार्मिक मगनाराम (26) पुत्र हीराराम मेघवाल निवासी उम्मेदाबाद विद्युत विभाग की एफआरटी में लगा हुआ था जो सोमवार शाम को उम्मेदाबाद में 33 केवी लाईन पर कार्य करने के लिए एईएन एवं जेईएन की मौजूदगी में विद्युत पोल पर चढ़ा था। जो करंट लगने से विद्युत पोल से नीचे गिर गया। जिससें उसके सिर एवं शरीर में गंभीर चोटें आई। जिसे डिस्कॉम के अधिकारी बिना परिजनों को सूचना दिए उपचार के लिए राजकीय अस्पताल जालोर ले गए। जहां पर जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक मगनाराम के मौत की खबर सुनते ही समाजबन्धुओ व ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल हो गया। इधर, मंगलवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में समाजबंधुओं समेत ग्रामीण उम्मेदाबाद डिस्कॉम कार्यालय के आगे धरने पर बैठ गए तथा विरोध प्रदर्शन करने लगे। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने आदि मांगें नही मानने तक शव का पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना पर जालोर से डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता भी उम्मेदाबाद पहुंचे तथा मामले की जानकारी लेकर नियमानुसार जांच की बात कही।

इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल, उम्मेदाबाद सरपंच आशा कुमारी, ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत, कांग्रेसी नेता भरत मेघवाल, सेवानिवृत्त विकास अधिकारी अजयपाल चौहान, कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष भोलाराम माली, एनएसयूआई प्रदेश सचिव भरत मेघवाल सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**एसडीएम-एएसपी ने की वार्ता :-** युवक की करंट से मौत के बाद उम्मेदाबाद में धरना प्रदर्शन की सूचना पर जालोर एसडीएम दौलतराम चौधरी, एएसपी रामेश्वरलाल व डिप्टी रतनाराम देवासी मौके पर पहुंचे। साथ ही घटना की जानकारी लेकर उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। लेकिन परिजन व समाजबंधु परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता राशि एवं दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने समेत अन्य मांगों पर अड गए। बाद में परिवार को 18 लाख रुपये की सहायता राशि, परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी व जेईएन को निलंबित करने पर परिजन शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए सहमत हुए तथा शव के पोस्टमार्टम के लिए जालोर रवाना हुए।

**नियम विरुद्ध निजी कार्मिक को चढ़ाया :-** जानकारी के अनुसार डिस्कॉम की 33 केवी हाईटेंशन लाईन पर डिस्कॉम के कार्मिक से ही कार्य करवाया जाता है। इसके लिए पूर्व लिखित में शटडाउन लेकर एवं पूर्ण सुरक्षा संसाधन के साथ कार्य किया जाता है। लेकिन सोमवार को डिस्कॉम के एईएन एवं जेईएन द्वारा मगनाराम को घर से बुलाकर नियम विरूद्ध विद्युत पोल पर कार्य के लिए चढाया गया, जो बिना लिखित शटडाउन व अनुभव के अभाव में करंट लगने से नीचे गिर गया। जिसकी बाद में मौत हो गई।

## विद्युत निगम के लाइनमैन की उपचार के दौरान मौत

- **बिजली के पोल पर कार्य करते समय नीचे गिर गया था**



लाइनमैन मोहन कुम्हार।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र के मेजा निवासी अजमेर विद्युत वितरण निगमकर्मी की विद्युत पोल से नीचे गिरने के बाद उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। निगम के सहायक अभियंता अनिल पुरोहित ने बताया कि मूलत: मेजा निवासी मोहन कुम्हार पुत्र सोहन कुम्हार विद्युत लाइन पर काम कर रहा था।

कार्य के दौरान मोहन पोल से नीचे गिर गया जिसका घर पर ही उपचार जारी था। तबियत ज्यादा बिगड़ने पर उसे मांडल अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया। मोहन के भाई ने बताया कि मोहन के दो पुत्र है जो अभी पढ़ाई करते है एक मात्र मोहन ही परिवार का सहारा था।

# 'बिजली फ्री की घोषणा से राहत नहीं, बल्कि बिल दोगुना आ रहा है'

## कन्हैया लाल हत्याकांड गवाहों को मिल रही हैं धमकियां, सरकार उन्हें सुरक्षा दे : सी.पी. जोशी

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे कन्हैया लाल के घर, श्रद्धांजलि दी, परिजनों की कुशलक्षेम पूछी**
- **'कन्हैया लाल हत्याकांड के एक वर्ष बाद भी अपराधियों में खौफ नहीं'**

**उदयपुर/जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी आज उदयपुर दौरे पर रहे जहां मेरा बूथ-सबसे मजबूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद कार्यक्रम को डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी मंडल में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ देखा और सुना। इसके बाद एक वर्ष पहले आतंकी हत्या में मारे गए कन्हैयालाल के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी, परिजनों से मुलाकात की और संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया।

30 जून को केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा की तैयारियों को लेकर जायजा लिया और व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कन्हैया लाल हत्याकांड के बाद किसी भी सरकार की मुख्य जिम्मेदारी पीड़ित परिवार को सुरक्षा व सम्बल प्रदान करना होता है। अफसोस की बात है कि प्रदेश की गहलोत सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से विफल रही। आज भी पीड़ित परिवार और उनके रिश्तेदार दहशत में जीवनयापन कर रहे हैं। गवाहों को भी लगातार धमकियां मिल रही हैं। उदयपुर का मालदास स्ट्रीट बाजार जहां पर लोगों की काफी भीड़ रहती थी, इस दुर्घटना के एक साल बाद भी जन जीवन सामान्य नहीं हो पाया है। गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। दहशत के कारण आम आदमी यहां आने से भी घबराता है। गहलोत सरकार ने यहां पर स्थिति सामान्य करने के लिए कोई आवश्यक कदम नहीं उठाए, सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए और जनता को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि अगर कोई किसी प्रकार की धमकी देता है, तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी, जिससे जनता भय मुक्त हो। जोशी ने कहा कि आतंकी घटना के दोनों आरोपियों रियाज और गौस मोहम्मद को पकड़वाने वाले शक्ति सिंह और प्रहलाद को बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया था और दोनों की सुरक्षा के लिए गार्ड और लाइसेंसधारी बंदूक देने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक दोनों युवक बेराजगार होकर सुरक्षा की गुहार लगाते भटक रहे हैं। दोनों को अपनी जान का खतरा है और परिवार पर भी हमले की आशंका है। सरकार की ओर से सुरक्षा और सहायता नहीं दिये जाने पर ये लाचार हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 28 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी जोधपुर में, 29 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भरतपुर और 30 जून को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उदयपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# प्रतिष्ठित स्कूल का प्रिंसिपल ठगी करके फरार

**कोटा,** (निसं)। शहर के रावतभाटा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के प्रिंसिपल के लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। उसने करीब 10 से 12 लोगों से ठगी कर ली और लाखों रुपए लेकर फरार हो गया है। इस संबंध में डीपीएस स्कूल ने भी प्रिंसिपल त्रिद्धि नयन बनिस्था उर्फ त्रिदिव उपाध्याय से पल्ला झाड़ लिया और उसे टर्मिनेट कर दिया है।

उसने डीपीएस स्कूल के स्टाफ से भी रुपए हड़प लिए थे। इसके साथ ही उसने स्कूल में पढ़ ने वाले बच्चों के पेरेंट्स से लाखों रुपए की ठगी की है। उसने अपनी पत्नी को बीमार बताकर पैसे की आवश्यकता बताई थी। वहीं अपने मकान मालिक से भी उसने एक लाख की ठगी की थी और उसकी बेटी का एडमिशन पुणे के प्रतिष्ठित सिंबोसिस लॉ कॉलेज में करवाने की बात कही थी। हालांकि बाद में इस फ्रॉड का पता चलने पर मकान मालिक राम सिंह राठौड़ और लाड़पुरा निवासी पैरेंट्स सौरभ सेठिया ने भी मुकदमा दर्ज करवाया है। कोटा शहर एसपी शरद चौधरी ने मामले में कार्रवाई आगे करते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित कर दी है। एसपी चौधरी का कहना है कि पुलिस ने दो मुकदमे भी दर्ज कर लिए थे। साथ ही कुछ शिकायतें परिवाद के रूप में है जिन पर भी मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

अब पूरे मामलों की एकसाथ जांच पुलिस उप अधीक्षक चतुर्थ हर्षराज सिंह खरेड़ा करेंगे। स्कूल प्रबंधन ने भी इस तरह की शिकायत मिलने के बाद सोशल मीडिया ग्रुप पर पेरेंट्स से अपील कर दी थी। जिसके बाद ही त्रिद्धि नयन बनिस्था कोटा से फरार हो गया है। डीपीएस स्कूल की एडमिन के किरणजीत कौर ने इस मामले में कोई सूचना देने से भी इंकार कर दिया है। हालांकि विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी प्रिंसिपल को टर्मिनेट कर दिया। साथ ही इस पूरे मामले में खाने पर भी एक पत्र भेजकर इतिश्री कर ली है। राम सिंह का कहना है कि त्रिद्धि नयन बनिस्था ने रथकांकरा में स्कूल की बड़ी बिल्डिंग बनवाने के एवज में मुझसे बातचीत की और ठेकेदार चेतन शर्मा से संपर्क करवा दिय। इसके बाद उसने कहा कि इस स्कूल की सदस्यता लेनी होगी। जिसके बाद ही निर्माण भी कर सकते हैं।

इस संबंध में उसने ठेकेदार चेतन शर्मा से ढा ई लाख रुपए ले लिए थे। जिन्हें 3 दिन में वापस करने के लिए कहा था लेकिन नहीं दिए बाद में कहा कि डीडी गलत बन गया है दोबारा पैसा मांगा। जैसे-तैसे दोबारा एक लाख रुपए की राशि दी लेकिन त्रिद्धि नयन बनिस्था वापस नहीं कर रहा था। ऐसे में हमने बड़ी मुश्किल से यह राशि उससे वापस ली है इसमें राम सिंह का यह भी कहना है कि उसने मुझे कमीशन का लालच भी दिया था। साथ ही त्रिद्धि नयन बनिस्था ने कहा था कि निर्माण होगा, तब मेरा भी कमीशन हो जाएगा और आपको भी मिलेगा। यहां तक कि स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को भी एक पत्र भेजा है। जिसमें लिखा है कि करीब 1.30 लाख रुपए की ठगी स्टाफ से की है। त्रिद्धि नयन बनिस्था ने स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर साकिब से 45000, अकाउंटेंट नरेंद्र सिंह 35000, टीचर बनी सेठी से 50000, स्टोर इंचार्ज उपेंद्र से 2000 इसी तरह के कारण बताकर ले लिए हैं इन सबके लिए स्कूल जिम्मेदार नहीं है। यह पैसे प्रिंसिपल त्रिद्धि नयन बनिस्था ने ही रिसीव किए हैं।

इसीलिए वही इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। त्रिद्धि नयन बनिस्था के श्रीनाथपुरम निवासी राम सिंह राठौड़ के मकान में किराए से रहता था। उसके आधार कार्ड के अनुसार वह मूलत आसाम का है लेकिन इसके पहले भी वह कई जगह पर ठगी कर चुका है। हमने जिस मेल आईडी के जरिए उसने बेटी के प्रवेश के लिए मेल किया था। उसमें प्रियंका पंच पाटिल का जिक्र किया था। उनसे जब बात की तब उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से ठग है और पहले भी इस तरह के फ्रॉड कर चुका है ऐसे में डीपीएस स्कूल प्रबंधन ने बिना वेरिफिकेशन के कैसे उसे प्रिंसिपल बना दिया यह भी बड़ा सवाल है। गुवाहाटी में प्रियंका पंच पाटिल के साथ भी वह ठगी कर चुका था। इस संबंध में साइबर फ्रॉड की शिकायत भी की थी।

## राजनाथ सिंह के साथ डॉ. पूनिया भी सभा में भाग लेंगे

**जयपुर/जोधपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया बुधवार को जोधपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जहां वह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ बालेसर में आयोजित विशाल आम सभा में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बालेसर में विशाल आम सभा बुधवार को शाम 4 बजे आयोजित होगी, जिसे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। सतीश पूनियां बुधवार को फ्लाइट द्वारा 2.25 बजे जोधपुर पहुंचेंगे। जहां से सड़क मार्ग द्वारा बालेसर पहुंचेंगे, जहां वह शाम को 4 बजे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ विशाल आमसभा में शामिल होंगे।

# बाढ़ में बह गई थी ममता की किताबें व बकरियां, डॉ. पूनिया ने सहायता भेजी

- **सतीश पूनिया ने सभी से आव्हान किया कि समाज के तौर पर हम बच्चियों की शिक्षा में जहाँ भी सहयोग कर सकें जरूर करें**
- **ममता ने फोन पर कहा, "मैं अच्छे से पढ़ाई करूंगी, छात्रवृत्ति और पालनहार योजना में नाम जुड़वाने के लिए आप राज्य सरकार से बात करें"**

**जयपुर।** पिछले दिनों बाड़मेर जिले की 11वीं कक्षा की छात्रा ममता ने विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उन्होंने जिक्र किया था कि बिपरजॉय तूफान से बाढ़ में उनकी किताबें एवं जीविकोपार्जन का साधन बकरियाँ बह गईं। ममता ने चिट्ठी में आगे पढ़ने की इच्छा जाहिर की और जीवकोपावर्जन में भी मदद के बारे में चिट्ठी में लिखा था। इस पर सतीश पूनिया ने ममता की चिट्ठी को ट्वीट कर कहा था, बच्ची ममता आगे पढ़ना चाहती है इसलिए मैं हमारे कार्यकर्ताओं के जरिये उन्हें मदद पहुंचवा रहा हूँ। उन्होंने सभी से आव्हान भी किया था कि समाज के तौर पर हम बच्चियों की शिक्षा में जहाँ भी सहयोग कर सकें जरूर करें।

पूनिया ने ममता की चिट्ठी पर अमल करते हुये आज चौहटन प्रधान रूपाराम और वरिष्ठ कार्यकर्ता रणजीत इत्यादि के माध्यम से ममता को पुस्तकें, बैग और अन्य स्टेशनरी सामान पहुंचवाया है और आर्थिक सहायता भी प्रदान की। ममता को किताबें पहुंचाने के बाद सतीश पूनिया ने उनसे फोन पर बात की, कहा, अच्छे से पढ़ाई करो बिटिया और जो भी मदद बन पड़ेगी आगे भी मदद करेंगे, मुझे जानकारी मिली कि आपकी किताबें और बकरियाँ बह गई थी बाढ़ में। पढ़ाई में आपको कभी दिक्कत नहीं आएगी, निश्चिंत होकर पढ़ाई करो। ममता ने फोन पर कहा कि छात्रवृत्ति और पालनहार योजना में नाम जुड़वाने के लिए आप राज्य सरकार से बात करना तो सतीश पूनिया ने ममता को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार व प्रशासन से इस बारे में बात कर मदद करवाएंगे।

## रेप के आरोपी को उम्रकैद

**अलवर,** (निसं)। नारायणपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की मासूम के साथ रेप करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी ओमप्रकाश (44) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही सात लाख रुपए का जुर्माने का आदेश भी दिया है। विशिष्ट लोक अभियोजक अशोक कुमार ने बताया कि 27 जनवरी 2022 को पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि बेटी दोपहर 2 बजे घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी पड़ोसी उसे बहला-फुसला कर अपने साथ खेत की तरफ ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ रेप किया। बच्ची अपने घर लौटी तो मां को सारी घटना बताई।

# 'दूदू जिला बदला जायेगा तो बदर्शत नहीं करेंगे'

- **जयपुर ग्रामीण जिला बनाने की चर्चा के बाद कई संगठनों के पदाधिकारियों ने बैठक की**

**दूदू,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सोमवार को कांग्रेस विधायकों की बैठक के बाद दूदू की जगह जयपुर ग्रामीण जिला बनाने की चर्चा के बाद मंगलवार को एक निजी होटल में व्यापारिक, सामाजिक, राजनितिक, बार ऐसोसियेशन, संगठनों के पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर प्रेसवार्ता में ऐलान किया कि मुख्यमंत्री ने जो दूदू जिले की बजट में घोषणा कर सौगात दी है, हम स्वागत करते हैं।

गत दिनों दूदू जिले में कुछ लोगों द्वारा शामिल नहीं होने की बात को लेकर किये गये घटनाक्रम के बाद हुई राजनीतिक उठापटक को लेकर दूदू जिले के बारे में कोई बदलाव किया जावेगा तो क्षेत्र की जनता कतई बदर्शत नहीं करेगी। हक की लड़ाई विधायक बाबूलाल नगार के साथ रहकर लोकतांत्रिक तरीके से लडेंगे। जनता को जयपुर भी पैदल कूच करना पड़ा तो करेंगे। दूदू जिला बदला जावेगा तो कतई बदर्शत नहीं करेंगे।

इस दौरान किसान महापंचायत के अध्यक्ष बलदेव महरिया, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष शिवजीराम, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम भडाणा, उपप्रधान कैलाश जाट, रामधन अहलावत, केमिस्ट एसोसियेशन के गौरीशंकर शर्मा, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अशोक दायमा, ए.पी.पी त्रिलोकेश चौधरी, जितेश चौधरी, अवधेश शर्मा, किशन दाधीच, तरूण कुमावत, गुरमीत सिंह लाडी, महेशचन्द्र शर्मा, शिवजीराम मांगू, आरिफ शेख, हनीफ शेख, ताज मोहम्मद, रंगरेज, के.वी सिंह, तेजपाल सिंह, एस.के. बोहरा, बलवंत कांटवा, पवन जैन, रामधन धाभाई, महबूब नागौरी, इकबाल मंसूरी व भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेल प्रहरी की बिगड़ी तबीयत

**डूंगरपुर,** (निसं)। बीते 6 दिन से भूख हडताल करते हुए ड्यूटी दे रहे जिला काराग्रह के एक महिला प्रहरी की मंगलवार को तबीयत बिगड गई। जिन्हें तुरंत जिला हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जिला कारागाह के डिप्टी धुलेसिंह ने बताया कि मांगों को लेकर भूख हडताल की जा रहा रही थी। जिसमें महिला जेल प्रहरी सीता कुमारी मीना आचनक बेहोश हो गई। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

# जमीन बंटवारे के लिए बेटों ने माता-पिता की पिटाई की, हथौड़े से मां के पैर तोड़े

- **मारपीट के बाद मां-बाप घर के आंगन में तड़पते रहे**
- **घटना के बाद से दोनों बेटे अपने परिवार के साथ फरार हो गये**

**अलवर,** (निसं)। कलयुगी बेटों की शर्मनाक हरकत सामने आई है। जमीन बंटवारे के लिए बेटों ने अपने ही माता-पिता की पिटाई कर दी। दोनों बेटों ने मां के तो हथौड़े से पैर तक तोड़ दिए। इसके बाद मां-बाप घर के आंगन में तड़पते रहे। आस-पास के लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो इन्हें लेकर जिला हॉस्पिटल पहुंचे, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। मामला जिले के बीबीरानी खेड़ा गांव में सुबह करीब साढ़े पांच बजे का है। बताया जा रहा है कि बेटे दिलीप और हितेंद्र ने हथौडे से इतने वार किए कि मां के पैर लटकने लगे। इधर, घटना के बाद से दोनों बेटे अपने परिवार के साथ फरार हैं। बताया जा रहा है कि बीबीरानी थाने में मारपीट की शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

बीबीरानी खेड़ा गांव निवासी 60 साल के बुजुर्ग उदयचंद जाटव और 55 साल की उनकी पत्नी राजबाला के तीन बेटे हितेंद्र, दिलीप, परविंदर और तीन बेटियां लक्ष्मी, मधु व बीना हैं। सबसे बडा बेटा हितेंद्र और दिलीप साथ रहते हैं। जबकि सबसे छोटा बेटा परविंदर अलग रहता है। बुजुर्ग दंपती की बेटी बीना कुमारी ने बताया कि सुबह करीब साढे पांच बजे मां राजबाला चाय बना रही थी। इसी दौरान दोनों भाई जमीन बंटवारे को लेकर बहस करने लगे। इस दौरान पिता ने भी समझाइश की तो वे उन्हें भी ताना मारने लगे। इनके बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों भाइयों ने मां के पैर पर हथौड़े से वार कर दिया। इतना ही नहीं, बीच-बचाव में आए पिता की भी लात-घूंसों से कई बार पिटाई की।

बहन बीना कुमारी ने आरोप लगाया कि जब दोनों भाई मां-बाप की पिटाई कर रहे थे तो पोतों ने भी उनका साथ दिया और उन्होंने भी हाथापाई की। हथौड़े से इतने वार किए कि मां के पैर टूट कर लटक गए और खून बहने लगा। इस मारपीट में मां का हाथ भी टूट गया।

उदयचंद की सबसे छोटी बेटी बीना कुमारी ने बताया कि मां-बाप खेती करते हैं। इनके पास करीब 8 बीघा जमीन है। दोनों बेटे हितेंद्र और दिलीप फर्जी तरीके से पहले ही 4 बीघा जमीन अपने नाम कर चुके हैं। अब वे चाहते हैं कि बाकी बची 4 बीघा जमीन भी उनके नाम हो जाए। इसी बात को लेकर मां-बाप से विवाद होता रहता था। इस बात को लेकर पहले भी झगड़े हो चुके हैं।

इतना ही नहीं, जमीन विवाद में पहले भी दोनों भाई मां-बाप की पिटाई कर चुके हैं। लेकिन, मंगलवार को हुए विवाद में हद पार कर दी। माता-पिता बीबीरानी थाने में पहले भी चार बार शिकायत कर चुके थे। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। 25 जून (रविवार) को भी इन लोगों ने मारपीट की तो अगले दिन सोमवार को पिता ने थाने में शिकायत दी थी। इसके बाद भी पुलिस ने कोई सख्त कदम नहीं उठाया।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

मण्डल कार्यालय: जयपुर- सीकर
2-नेहरू प्लेस, दूसरी मंजिल, नेहरू प्लेस, टोंक रोड, जयपुर-302015

**ऑनलाइन ई- निविदा आमंत्रण सूचना (2296)**

पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल कार्यालय, पीएलपी और एमसीसी जयपुर- सीकर, भूतल एवं प्रथम तल, किसान भवन, कृषि उपज मंडी समिति, सीकर (राज.)-332001 में इंटीरियर फर्निशिंग, इलेक्ट्रिकल और एयर कन्डीशनिंग कार्य के लिए ऑनलाइन ई- टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं।

निविदा लागत शुल्कः 1770/- (जीएसटी 18% सहित) | ईएमडीः रु. 142640/-

▸ परियोजना की अनुमानित लागत रु. 71,31,950/- (जीएसटी सहित) ▸ निविदा शुरू होने की तिथि और समयः 27.06.2023, 1200 बजे से ▸ बिड़ तैयार करने और हैश सबमिशन करने की अंतिम तिथि और समयः 12.07.2023 से 10:30 बजे तक ▸ बिड़ सबमिशन एवं री एन्क्रिप्शन करने की अंतिम तिथि और समयः 12.07.2023 से 12:00 बजे तक ▸ पूरी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://etender.pnbnet.in पर जाएं।

उपरोक्त कार्य के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण केवल हमारी वेबसाइट https://pnindia.in और https://etender.pnbnet.in पर जारी किया जाएगा, जिसे नियमित रूप से देखा जा सकता है। बैंक बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन के जवाब में प्रस्तुत किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **मण्डल प्रमुख**

कार्यालय राज्य समन्वयक, पीटीईटी-2023
**गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय**
बाँसवाड़ा-327001 (राज.)

क्रमांक : एफ( )जीजीटीयू/पीटीईटी परीक्षा/2023/100 दिनांक : 24.06.2023

**अधिसूचना संख्या 5/2023**

दो वर्षीय बी.एड. एवं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.ए.बीएड/बीएससी बीएड परीक्षा-2023 के परिणाम-घोषणा उपरान्त सभी अभ्यर्थियों के काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया निम्नांकित तालिका अनुसार प्रारम्भ कर दी गई है। विस्तृत जानकारी के लिए पीटीईटी-2023 की वेबसाईट www.ptetggtu.com का अवलोकन करें एवं जारी कलेण्डर अनुसार कार्रवाई निर्धारित समय पर पूरी करें।

| विवरण | दिनांक |
|---|---|
| ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000/- ऑनलाईन/ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना | 25.06.2023 से 05.07.2023 |
| महाविद्यालय चयन हेतु ऑनलाईन विकल्प भरना (पंजीकरण शुल्क रु. 5000/- जमा करवाने के पश्चात्) | 01.07.2023 से 08.07.2023 |
| प्रथम काउंसलिंग पश्चात् आवंटित महाविद्यालय की सूचना | 11.07.2023 |
| प्रवेश हेतु शेष शुल्क 22,000/- बैंक/ऑनलाईन/ई-मित्र के माध्यम से जमा करवाना | 11.07.2023 से 15.07.2023 |
| प्रथम काउंसलिंग पश्चात् आवंटित महाविद्यालय में रिपोर्ट (शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ) | 11.07.2023 से 17.07.2023 |
| अपवर्ड मूवमेन्ट हेतु ऑनलाईन आवेदन (महाविद्यालय में रिपोर्ट के पश्चात्) | 13.07.2023 से 18.07.2023 |
| अपवर्ड मूवमेन्ट के पश्चात् महाविद्यालय आवंटन की सूचना | 24.07.2023 |
| अपवर्ड मूवमेन्ट पश्चात् आवंटित महाविद्यालय में रिपोर्टिंग | 25.07.2023 से 30.07.2023 |

राज्य समन्वयक, पीटीईटी-2023